**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।**

**प्रेस-नोट**

**दिनांक- 03/09/2025**

**विषयः- थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा *"ऑपरेशन चक्रव्यूह"* के तहत वाहन चेकिंग के दौरान 01 नफर अभियुक्त को चोरी के मोबाइल व रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्युह क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व थानाध्यक्ष जैतपुरा के नेतृत्व थाना जैतपुरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 204/2025, धारा- 331(4), 305(a), 317(2) B.N.S. व मु0अ0सं0 210/2025 धारा 303(2), 317(2) B.N.S. थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त अख्तर पुत्र शमीम उर्फ वसीम अख्तर ( पप्पू) निवासी N- 15/279 CR- 1 बरकात नगर, बजरडीहा थाना भेलूपुर जनपद वाराणसी उम्र करीब 25 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर दिनांक 03/09/2025 को सिटी स्टेशन परिसर स्थित मन्दिर के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया तथा उसके कब्जे से चोरी की एक अदद मोबाइल सैमसंग मोबाइल व 1550 रुपये बरामद किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-** दिनांक- 26/08/2025 को वादी मुकदमा द्वारा नवापुरा बकरियाकुन्ड स्थित स्वयं के टीवीएस मोटरसाइकिल एजेंसी में दिनांक 23/24.08.2025 को छत के रास्ते घुसकर 11 अदद मो0सा0 की बैटरी, 42500 रुपये व 02 अदद मोबाइल चोरी होने की सूचना दी थी, जिसके आधार पर थाना जैतपुरा में मु0अ0सं0- 0204/2025 धारा 331(4), 305(a) BNS पंजीकृत किया गया था विवेचना के क्रम में दिनांक 03/092025 को मुखबिर खास की सूचना पर वांछित अभियुक्त को सिटी स्टेशन परिसर स्थित मन्दिर के पास से चोरी के माल के साथ नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण-** पूछताछ करने पर अभियुक्त अख्तर उपरोक्त बात रहा है कि मैने और मेरे दोस्त ने करीब सात से आठ दिन पूर्व नवापुरा TVS एजेन्सी मे रात्रि मे चोरी की थी, जिसमे दो मोबाइल फोन, 11 अदद मोटरसाइकिल की बैटरी व रुपये मिले थे जिसे मैने व मेरे दोस्त ने आपस मे बांट लिया था। मेरे हिस्से मे आये रुपए मैने खर्च कर दिए है, ये जो रुपये मेरे पास से बरामद हुए है, ये TVS एजेन्सी मे चोरी मे मिले थे।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -**

1. अख्तर पुत्र शमीम उर्फ वसीम अख्तर ( पप्पू) निवासी N- 15/279 CR- 1 बरकात नगर, बजरडीहा थाना भेलूपुर जनपद वाराणसी उम्र करीब 25 वर्ष।

**गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान-** दिनांक- 03/09/2025, स्थान- वाराणसी सिटी स्टेशन परिसर स्थित मन्दिर के पास से।

**<u>बरामद सम्पत्ति का विवरण-</u> 01** एक अदद मोबाइल सैमसंग मोबाइल व 1550 रुपये जामा तलाशी में बरामद।

**<u>अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-</u>**

1. मु0अ0सं0- 204/2025 धारा 331(4), 305(a), 317(2) B.N.S. थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
2. मु0अ0सं0- 210/2025 धारा 303(2), 317(2) B.N.S.थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
3. मु0अ0सं0- 188/2024 धारा 379, 411, 414 IPC थाना भेलूपुर, कमिश्नरेट वाराणसी
4. मु0अ0सं0- 189/2024 धारा 379, 411, 414 IPC थाना भेलूपुर, कमिश्नरेट वाराणसी

**<u>गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1. उ0नि0 श्री बृजेश कुमार मिश्रा, थानाध्यक्ष, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
2. उ0नि0 जफर मेंहदी, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
3. उ0नि0 श्री उ0नि0 कपिलदेव यादव, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
4. उ0नि0 श्री जितेन्द्र यादव, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
5. उ0नि0 श्री सौरभ सिंह, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
6. हे0का0 कुलदीप सिंह, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
7. हे0का0 पुष्पेन्द्र कुमार, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी**